मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-218
23/04/2021

दानापुर के पीपा पुल पर हुये हादसे में 9 लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री मर्माहत, पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

- मृतक के आश्रितों को 4–4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब देने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

पटना, 23 अप्रैल 2021 :– दानापुर के पीपापुल से सवारी गाड़ी के गंगा नदी में गिरने से हुये हादसे में 9 लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने उनके परिजनों कें प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुये कहा है कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूँ।

मुख्यमंत्री ने इस हादसे में मृतक के आश्रितों को 4–4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******